हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

04 धर्म, मजहब जात-पात धन दौलत से दूर हटकर...



07 प्रतिबंध के बाद भी चायना डोर छीन रही जान एक की कटी श्वांस नली...





## समाचार संक्षेप

### 6 साल से फरार गबन का आरोपी गिरफ्तार



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में राघौगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फाइनेंस कंपनी में गबन के मामले में करीब 6 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खातेदारों के दस्तावेजों पर फर्जी लोन लेकर व किश्त की राशि हड़पकर करीब 12.10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी सहायता से आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जुआ के खिलाफ आरोन पुलिस की दोहरी कार्रवाई, 18 जुआरी पकड़े



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में आरोन थाना पुलिस ने जुआ व अनैतिक गतिविधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगद राशि, मोबाइल फोन व ताश की गड्डियां जब्त की हैं।2.36 लाख का मशरूका जब्त, जुआ एक्ट में प्रकरण दर्जपुलिस कार्रवाई में कुल 24,550 रुपये नगद, 10 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 2.12 लाख रुपये) एवं ताश की गड्डियों सहित कुल 2.36 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आरोन थाने में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### विन्ध्यांचल कॉलोनी में जुआ पर छापा 8 जुआरी गिरफ्तार



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना कोतवाली पुलिस ने जुए के संगठित गिरोह के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस ने विन्ध्यांचल कॉलोनी स्थित निर्माधीन मल्टी में दबिश देकर ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। 12,200 रुपये नकद व ताश जब्त, जुआ एक्ट में प्रकरण दर्जपुलिस ने मौके से 12,200 रुपये नकद व ताश की एक गड्डी जब्त की। सभी आरोपियों के विरुद्ध गुना कोतवाली थाने में जुआ एक्ट व बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### कैंट थाना पुलिस ने नाबालिग बालक को सुरक्षित ढूंढ कर परिवार को सौंपा




**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में कैंट थाना पुलिस ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय नाबालिग बालक को सुरक्षित ढूंढकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बालक 11 जनवरी को लापता हुआ था और उसके परिजनों ने तत्काल गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुखबिर सूचना व तकनीकी मदद से बालक बरामद, बाल कल्याण समिति को सौंपाथाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव व उनकी टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर बालक को ढूंढ निकाला। बालक को कानूनी प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे परिवार के पास सुरक्षित भेजा गया।

### रात 3 बजे भी नहीं टूटी सेवा की डोर, 108 ने दिखाया कर्तव्य का धर्म

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर संवेदनशीलता और तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। लटेरी, निवासी यासीन (पिता – जावेद खान), उम्र 3 वर्ष, बीते 4–5 दिनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ था। तबियत में सुधार न होने पर परिजन उसे निजी वाहन से गुना जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में लगभग रात 3 बजे छिपौन के पास उनके वाहन की फ्यूल लाइन फट गई, जिससे वे बीच रास्ते में फंस गए। आपात स्थिति में घबराए परिजनों ने तत्काल 108 कॉल सेंटर पर संपर्क किया। सूचना मिलते ही गुना की 108 एम्बुलेंस क्रमांक 6657 के ईएमटी आनंद त्रिपाठी एवं पायलट गोविंद रघुवंशी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मासूम यासीन को सुरक्षित एम्बुलेंस में लेकर जिला अस्पताल गुना में भर्ती कराया। समय पर मिली इस मदद से यासीन को आवश्यक उपचार मिल सका। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा एवं उसके समर्पित स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थियों ने जाना मौसम का मिजाज, बारीकियों को समझने पहुंचे मौसम विभाग

**भारत मौसम विज्ञान विभाग की 151वीं वर्षगांठ पर विशेष उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 151 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित मौसम विभाग कार्यालय में विशेष मौसम विज्ञान उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर मौसम से जुड़े वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन किया और मौसम विज्ञान की बारीकियों को समझा।दोपहर के समय आयोजित इस प्रदर्शनी के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को तापमान, वर्षा, आर्द्रता, पवन की दिशा एवं गति, वायुदाब आदि मापने वाले आधुनिक और पारंपरिक उपकरणों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन उपकरणों के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर मौसम का विश्लेषण और पूर्वानुमान तैयार किया जाता है, जो आम जनजीवन, कृषि, परिवहन और आपदा प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।छात्र-छात्राओं को वर्षामापी यंत्र, थर्मामीटर, बैरोमीटर, एनीमोमीटर सहित अन्य मौसम उपकरणों की कार्यप्रणाली को प्रयोगात्मक रूप से समझाया गया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि मौसम का पूर्वानुमान केवल अनुमान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक आंकड़ों और विश्लेषण पर आधारित प्रक्रिया है, जिसमें उपग्रह चित्रों, रडार और जमीनी उपकरणों की अहम भूमिका होती है।प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने मौसम विज्ञान को लेकर उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरल और सहज भाषा में दिया। इससे बच्चों में विज्ञान और मौसम विज्ञान के प्रति रुचि देखने को मिली। कई विद्यार्थियों ने भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा भी जताई।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मौसम पूर्वानुमान की प्रक्रिया, उसकी विश्वसनीयता एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। किसानों और आम नागरिकों के लिए मौसम पूर्वानुमान की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।उल्लेखनीय है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना 15 जनवरी 1875 को की गई थी। यह विभाग देश की प्रमुख वैज्ञानिक संस्थाओं में से एक है, जो पिछले डेढ़ सौ वर्षों से अधिक समय से मौसम पूर्वानुमान, जलवायु अध्ययन और प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विभाग ने आमजन और विद्यार्थियों को मौसम विज्ञान से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया।

## गुना कोतवाली पुलिस ने शातिर आरोपी किया गिरफ्तार, संपूर्ण माल बरामद

# बजरंगगढ़ रोड स्थित गणेश मंदिर की चोरी का मात्र पांच दिन में राजफास

- मठकरी कॉलोनी से एक्टिवा गाड़ी चोरी का भी खुलाशा
- चोरी की गई एक्टिवा गाड़ी का ही आरोपी ने गणेश मंदिर चोरी में किया था उपयोग





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील, सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली गुना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा बजरंगगढ़ रोड स्थित गणेश मंदिर में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही मठकरी कॉलोनी से चोरी हुई एक्टिवा गाड़ी भी बरामद की गई है।उल्लेखनीय है कि दिनांक 08 जनवरी 2026 की रात्रि अज्ञात आरोपी द्वारा गणेश मंदिर का ताला तोड़कर चाँदी के दो छत्र एवं पीतल की घंटियाँ चोरी की गई थीं। इस संबंध में पुजारी अर्जुन मिश्रा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 15/26 धारा 305(डी), 331(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

**पुलिस ने आरोपी के कब्जे से**

चाँदी के 2 छत्र

पीतल की 1 थाली

पीतल की 15 घंटियाँ

1 एक्टिवा वाहन

**1,05,000 रुपए का माल जब्त किया है।**

तकनीकी विश्लेषण एवं सूचना संकलन के आधार पर आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गई।दिनांक 14 जनवरी 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ धर्मेश सेन (उम्र 27 वर्ष), निवासी नानाखेड़ी थाना कैंट गुना को चोरी की एक्टिवा गाड़ी क्रमांक MP08 MG 5961 सहित गिरफ्तार किया।पूछताछ में आरोपी ने गणेश मंदिर से चोरी एवं मठकरी कॉलोनी से एक्टिवा चोरी करना स्वीकार किया। उक्त एक्टिवा का उपयोग उसने मंदिर चोरी में किया था। इस संबंध में मठकरी कॉलोनी से एक्टिवा चोरी का प्रकरण अपराध क्रमांक 16/26 धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत दर्ज था।

आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना कैंट में चोरी के दो प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान सहित कोतवाली पुलिस बल एवं सायबर सेल के अधिकारियों/ कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

गुना पुलिस की यह कार्यवाही आमजन में सुरक्षा का विश्वास एवं अपराधियों में कानून का भय स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जिले में अपराध नियंत्रण हेतु गुना पुलिस पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## चलती कार पर नीलगाय ने लगा दी छलांग मासूम बच्ची की मौत हुई, दंपती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नेशनल हाईवे बाईपास पर दो खम्बा के पास बुधवार शाम करीब 6.45 बजे एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक चलती कार पर अचानक नीलगाय ने छलांग लगा दी। इस हादसे में मां की गोद में बैठी मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची के माता-पिता भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गुना निवासी सोनू जाट अपनी पत्नी और छोटी बेटी तान्या के साथ मकर संक्रांति मनाने अपने गांव मगरदा जा रहा था। जैसे ही कार बाईपास पर दो खम्बा के निकट पहुंची, अचानक दो नीलगाय सड़क पर दौड़ती हुई आईं। इनमें से एक नीलगाय ने तेजी से छलांग लगाई और सीधे कार के ऊपर जा गिरी। नीलगाय ने कार का अगला शीशा पूरी तरह तोड़ दिया और अंदर घुस गई। उसके दोनों पैर मां की गोद में बैठी तान्या के सिर पर जा लगे। प्रहार इतना भीषण था कि मासूम बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में सोनू जाट और उनकी पत्नी को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें गुना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है, लेकिन खतरे से बाहर हैं। हादसे में नीलगाय भी घायल हो गई। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम, स्थानीय गो-सेवक और समाजसेवी मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने घायल नीलगाय को अपनी कस्टडी में ले लिया है और उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।इस घटना ने पूरे गुना क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है। मकर संक्रांति की खुशियां मनाने निकले परिवार के लिए यह हादसा एक त्रासदी बन गया। हाईवे पर नीलगायों और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे ऐसी दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय निकाय की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में नगरीय निकाय की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों, पीएम आवास योजना और सफाई व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय में न रहकर फील्ड पर जाकर कार्य की वास्तविक स्थिति जांचें। बैठक में अनुपस्थित सीएमओ मकसूदनगढ़ को नोटिस जारी करने और वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव भोपाल भेजने के निर्देश दिए गए। पीएम आवास योजना में राशि जमा न करने वाले हितग्राहियों के पंजीयन निरस्त कर अन्य पात्रों को आवंटित करने का निर्देश भी दिया गया। कलेक्टर ने स्वच्छता व्यवस्था पर सख्त नजर रखने, चालानी कार्रवाई की रोजाना रिपोर्ट लेने और अच्छे कार्यों को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए।

## जुआ के सौदागरों ने ली नाबालिग लड़के की जान, पैसे देने का दबाव डालने पर लगाई 16 वर्षीय लड़के ने फांसी



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन के ग्राम देहरी कला में लगातार जुआ होने के कारण बहा के ग्रामवासी बहुत परेशान है गांव के दबंग जुआरी सट्टा माफिया शादीन खान पिता कुर्बान खान के साथ कई लोगों द्वारा भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर जुए सटे की लत लगा दी है और जिससे कई घर बर्बाद हो गए है कर्ज पर पैसा देने के साथ मोटा व्याज वसूलना मोटरसाइकिल गिरवी रखना गहने रख कर नाबालिक बच्चों को जुए के तरफ आकर्षित करना है मुख्य काम बन गए है ।

बुधवार की शाम को अंकित केवट भी इस बहकावे में आकर घर से उठाकर 30 हजार रुपए भी जुए में हार गया इतना ही नहीं शादीन खान ने जुआ खेलने के लिए पैसे कर्ज पर दिए जिससे वह उसका कर्जदार बन गया और शादीन खान पैसा लेने के लिए दबाव डालता गया अंकित ने अपने घर से गहने लाकर शादीन खान को दे दिए मोबाइल दे दिया लेकिन फिर भी पैसों की डिमांड करता गया ।

जिससे दबाव और डिप्रेशन में जाने से अंकित केवट पिता कमर लाल उम्र 16 वर्ष ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली अब देखना ये होगा कि शादीन खान पर आत्महत्या का दबाव डालने का केस दर्ज होता है या फिर से कोई ओर अंकित केवट इसकी चपेट में आता है।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी और मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए स्कूलों में कार्यशाला का आयोजन

# कलेक्टर का नवाचार:बोर्ड परीक्षा के बच्चों को तनाव मुक्त रहने व बेहतर परिणाम लाने के टिप्स देने स्कूल पहुंचेगी विशेषज्ञों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल का स्कूली बच्चों को मानसिक रूप से परीक्षा में तैयार रहने के लिए एक और नवाचार किया जा रहा है।

जिसमें कलेक्टर कन्याल के निर्देशन में बोर्ड परीक्षा के नजदीक होने और इसको लेकर बच्चों में होने वाले तनाव को दूर करने के साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के उद्देश्य से स्कूलों में बच्चो को मनो चिकित्सक के द्वारा टिप्स देने कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज़, गुना द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को कम करने एवं उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज़ की फैकल्टी सदस्य समृद्धि ओली एवं शिवानी किरार द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित तनाव के कारणों, उसके मानसिक एवं व्यवहारिक प्रभावों तथा तनाव को संतुलित करने के व्यावहारिक उपायों के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी प्रदान की गई।



सत्र के दौरान विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, संतुलित दिनचर्या, सकारात्मक सोच, पढ़ाई के बीच उचित विश्राम, मोबाइल एवं स्क्रीन समय को सीमित रखने, पर्याप्त नींद एवं संतुलित आहार के महत्व के साथ-साथ माइंडफुलनेस अभ्यास, गहरी श्वास तकनीक तथा परीक्षा के समय घबराहट को नियंत्रित करने के उपायों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा अवधि में मानसिक रूप से मजबूत, आत्मविश्वासी एवं तनावमुक्त बनाना रहा।

**धार्मिक समाचार**

## 17 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगी मकर संक्रांति महोत्सव की पूर्णाहुति



**गुना।** सप्त दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के तहत 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर विराट हिंदू उत्सव समिति चिंतन मंच के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंचल में मकर संक्रांति महोत्सव की पूर्णाहुति 17 जनवरी को मालपुर में विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। विराट हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक कैलाश मंथन के नेतृत्व में अभावग्रस्तों को कंबल वितरण, श्रद्धालुओं को निशुल्क गीता वितरण पशु पक्षियों को चारा, दाना पानी,पिछड़ी बस्तियों में वस्त्र वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।शहर से तीन किमी दूर दक्षिण में स्थित मालपुर गुफाओं पर मकर संक्रांति पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर गुफा परिसर में भक्ति संगीत की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालुओं ने दो दिवसीय मकर संक्रांति पर्व का आनंद लिया।वहीं जिले के सबसे बड़े तीर्थ केदारनाथ धाम में भगवान शिव के अभिषेक के साथ मकर संक्रांति महोत्सव मनाया गया। संक्रांति पर्व पर बौद्धिक संकीर्तन सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हिउस के संस्थापक कैलाश मंथन ने कहा प्राचीन स्थल गुना जिले की विरासत का एक अंग है।इसकी सुरक्षा पुरातत्व विभाग एवं प्रदेश सरकार प्रशासन को करना चाहिए। विराट हिन्दू उत्सव समिति के तहत प्राचीन धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों पर अनुष्ठान, संकीर्तन एवं सत्संग सभाओं का आयोजन हुआ।विराट हिउस अध्यक्ष कैलाश मंथन ने यहां आयोजित संकीर्तन बौद्धिक कार्यक्रम में कहा कि पर्व और उत्सव भारतीय संस्कृति के प्रमुख अंग हैं। इस आदिकालीन विरासत से सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। अनेकता में एकता का बोध होता है। धर्म एवं संस्कृति के प्रति श्रद्धा, भक्ति का भाव जाग्रत होता है। सूर्य जिस राशि पर स्थित हो उसे छोडक़र जब दूसरी राशि में प्रवेश करे उस समय का नाम संक्रांति है। अंचल के अनेकों धार्मिक स्थलों पर हिउस क तहत कार्यक्रम आयोजित हुए।

### मुहालपुर में 17 जनवरी को अखंड रामायण की पूर्णाहूति के साथ संपन्न होगा

विराट हिन्दू उत्सव समिति के तहत सिद्धेश्वर महादेव मुहालपुर धाम में हुई विशेष बैठक में संत समाज एवं समाजसेवियों ने केदारनाथ एवं अन्य प्राचीन स्थलों की प्रशासनिक उपेक्षा पर चिंता जताते हुए सभी धार्मिक स्थलों को संरक्षित किए जाने की मांग की। गुना जिले की पहाडिय़ों, ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों प्राचीन गुफाओं की विस्तृत श्रृंखला फैली है। पुराविद एवं समाजसेवी कैलाश मंथन ने पुरातत्व विभाग, भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए गुना जिले में फैली प्राचीन पुरा संपदा को संरक्षित करने की मांग की है। कैलाश मंथन के मुताबिक मालपुर की पहाडिय़ों पर करीब आधा सैकड़ा गुफाओं सहित नठाई गांव, ग्राम गढ़ा के जंगलों, गादेर घाटी, केदारनाथ के जंगली क्षेत्र, आरोन रोड पर पचमढ़ी, बेंहटाझिर, चांदौल, टकटइया, बमोरी क्षेत्र के ऊषाखो, कुसुम खो आदि क्षेत्रों में करीब १५० से अधिक प्राचीन गुफाओं की श्रृंखला गुना जिले की बहुमूल्य विरासत है। जिसे संरक्षित करना जरूरी है। अनेकों गुफाओं एवं पहाडिय़ों पर उकेरी गई मूर्तियां अतिक्रमण की चपेट में हैं। सन १९८५ से उनका यह खोज अभियान अभी जारी है। पहाडिय़ों में अभी सैकड़ों गुफायें एवं प्राचीन संस्कृति के अवशेष दबे होने के आसार हैं।

## चेतना साहित्य व कला परिषद गुना की काव्य गोष्ठी संपन्न

# धर्म, मजहब जात-पात धन दौलत से दूर हटकर सबसे पहले संविधान का सम्मान होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सदर बाजार स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता वीरेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य तथा शायर सलाउद्दीन शिकवा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ कवि गोष्ठी का संचालन शहर के प्रतिष्ठित शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया।

सरस्वती वंदना का गायन मधुर कण्ठ से कीर्ति मोरोलिया ने किया। कवि गोष्ठी का संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा धर्म मजहब जात पात धन दौलत से दूर हटकर, सबसे पहले संविधान कासम्मान होना चाहिए सुबह-शाम हर एक घर में ईश्वर आराधना सा, वंदे मातरम गीत का गुणगान होना चाहिए।

वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने अपने भाव यूं व्यक्त किए प्यार के रिश्ते बड़े नाजुक हैं इनको तोडमत, कर मोहब्बत और अपनी बदजुबानीपर नजर रख। वीरेंद्र सोनी मुक्त ने कहा जो भी मिली थी दौलत बर्बाद हो गई, अब गुज़ारा कर रहे हैं हम अखबार बेचकर।

सूबेदार धर्मवीर सिंह ने कहा देखी फूलों की सुंदरता महका महका प्यार कहां है , ढूंढ ढूंढ कर मैंने देखा, बचपन जैसा यार कहां है। उमाशंकर भार्गव ने कहा इस पर्व पर छोटे बड़े सभी खुश होकर उड़ाते पतंग, पतंगों का होता है सफेद, पीला, लाल,हरा रंग। शायर संजय खरे ने अपनी बात इस प्रकार कही आंखों में थे जो हसीन वो सपने बदल गये, गैरों की बात क्या अब तो अपने बदल गये। फिर एक रोज आईना उठा कर देखा सहज, महसूस हुआ हम भी तो कितने बदल गये।

गीतकार हरीश सोनी ने कहा प्यारी लगे रजाई बैरन ऋतु ठंडन की आई, सूरज दादा पड़े हैं फीके, धूप लगे शरमाई। रमेश मंगल ने कहा कितनी निष्ठुर है यह धरती माता बिन बोले ही क्यों बलि ले लेती माता। रवि शर्मा बंजारा ने कहा आज लगता है हम विष के प्याले हो गए।

कीर्ति मोरोलिया ने सात वचनों के संबंध में अपने भाव यूं प्रकट किये पास में बैठे हो मेरे अब तो साथ दो, कट गया जीवन सारा कैसे कहूं मैं। मैंने तुम्हारे साथ लिए थे वो वादे पूरे किए तुमने अपने दिये वचन कैसे भुला दिए।शायर सलाउद्दीन शिकवा ने कहा कब तलक रोया कीजिए बिजली के लिए, एक चिराग जला लीजिए रोशनी के लिए। अभिनंदन मडवरिया ने कहा जो ईश्वर में रमते हैं है ये उसकी गंध।

इस अवसर पर अमित शर्मा उर्फ बबलू ने घोटाले की कामेडी सुनाकर सबको हंसने पर मजबूर कर दिया।कवि गोष्ठी में समाज सेवी निरंजन भाया कसेरा, उमेश अग्रवाल, बृजराज सिंह गौतम, मुस्कान, ऐन्द्रिय, आशी मंगल,सरिता, जगदीश श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे कवि गोष्ठी के प्रारंभ में निरंजन भाया कसेरा के छोटे भाई लक्ष्मण कसेरा का आकस्मिक हृदयाघात से स्वर्गवास हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर स्व लक्ष्मण कसेरा के सुपुत्र शुभम कसेरा उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान 4 चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

संकल्प से समाधान अभियान के 4 चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलाया जा रहा है। जिसमें शहरी क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अखिलेश जैन एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे को बनाया गया है। अभियान के 4 चरणों में विभिन्न विभागों की 106 सेवाएं को सम्मलित किया गया है। जिसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 14 सेवाएँ भी शामिल हैं। प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा प्रथम चरण में वार्ड स्तरीय दल विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्रत्येक वार्ड से एकत्रित करेंगे, एवं दल के नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को पोर्टल पर ऑनलाइन करायेंगे। पोर्टल के द्वारा आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाएगा। द्वितीय चरण का अभियान 16 फरवरी से 15 मार्च तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण के आवेदन के निराकरण के लिये कलस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण का अभियान 16 मार्च से 26 मार्च तक चलाया जायेगा। इस चरण में विकासखंड स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। चतुर्थ चरण का अभियान 26 मार्च से 31 मार्च तक चलाया जायेगा। इस चरण में जिला स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे एवं इसकी अध्यक्षता माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा की जाएगी। निराकरण के साथ जिला स्तरीय समारोहों में सम्मान पूर्वक हितलाभ वितरण भी किया जाएगा। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। समस्त आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कराया जायेगा। प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु कलस्टर स्तरीय शिविर नगर पालिका गुना अंतर्गत 19 फरवरी को स्थान बूढे बालाजी, 13 मार्च को स्थान माता मंदिर केन्ट, नगर पालिका राघौगढ अंतर्गत 18 फरवरी को एवं 10 मार्च नगर परिषद आरोन अंतर्गत 26 फरवरी नगर कुंभराज अंतर्गत 27 फरवरी, नगर परिषद चांचौड़ा अंतर्गत 25 फरवरी, नगर परिषद मधुसूदनगढ़ अंतर्गत 20 फरवरी लगाये जायेंगे। उक्त अभियान का उददेश्य शासन द्वारा संचालित प्रत्येक योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति/आमजन को लाभांवित करते हुए शासन की मंशानुसार 'जन-जन की सरकार' की भावना को साकार किया जा सके।

## टीबी मुक्त ग्राम की दिशा में सशक्त पहल, कैलोर में निश्चय मित्र बनकर वितरित किए गए फूड बास्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी अंतर्गत CBMO बमोरी डॉ. लक्ष्मी कुमार द्वारा ग्राम कैलोर में टीबी कार्यक्रम के



अंतर्गत निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया तथा ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच, निःशुल्क उपचार एवं पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे इस प्रकार के जनहितकारी अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी के स्टाफ द्वारा भी निश्चय मित्र बनकर स्वयं फूड बास्केट की राशि जमा की गई, जो सामाजिक दायित्व और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट में चल रहे रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

33वी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 15 जनवरी 2026 को मैच खेले गए आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया आज के दिन 4 मैच खेले गए जो काफी रोमांचक रहे पहला मैच केशव साहित्य सदन क्लब vs कैंट की महारानी क्लब के मध्य खेल गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए केशव साहित्य सदन क्लब ने निर्धारित 8 ओवर 73 रन का लक्ष्य रखा जवाबी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी कैंट की महारानी क्लब ने 5.4 ओवरों 4 विकेट पर 73 रन का लक्ष्य हासिल किया यह मैच कैंट की महारानी क्लब ने 4 विकेट से जीता आज के दिन का दूसरा मैच वैदिक फैशन क्लब vs किंग ऑफ आवरी क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले



बल्लेबाजी करने आई किंग ऑफ आवरी क्लब ने निर्धारित 8 ओवर में 137 रन का विशाल लक्ष्य रखा जवाबी पारी में बल्लेबाज़ी करने आई वैदिक फैशन क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में 77 रन ही बना सकी यह मैच किंग ऑफ आवरी क्लब ने 59 रन से जीता किंग ऑफ आवरी की और से बिट्टू पंकज ने 8 छक्के लगाकर 24 गेंद में 78 रन की पारी खेली आज के दिन के तीसरे मैच फ्रेंड्स क्लब आरोन vs R J 11 क्लब के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी फ्रेंड्स क्लब आरोन ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट पर 66 रन का लक्ष्य रखा जवाबी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी R J 11 क्लब ने 5.4 ओवरों में 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया यह मैच R J 11 क्लब ने 6 विकेट से जीता R J 11 क्लब की से आकाश सेन ने 13 गेंद में 36 रन पारी खेली आज के दिन का चौथा मैच A to Z क्लब vs मोबाइल बड़ी b क्लब के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए A to Z क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में 126 रन का विशाल लक्ष्य रखा जवाबी पारी बल्लेबाजी करने उतरी मोबाइल बड़ी b क्लब 7.3 ओवरों मे 45 रन पर ऑल आउट हो गई का लक्ष्य यह मैच A to Z क्लब ने 80 रन से जीता A to Z क्लब की और से टिन्नू ने 4 छक्के लगाकर 17 गेंद में 53 रन की आतिशी पारी खेली आयोजक राम रघुवंशी ने बताया आज के दिन के मैच के अंपायर रहे संजीव धारू और चेतन व्यास रहे मैच के स्कोरर रहे लक्की छारी , आर्यन राजपूत और कमेंटेटर रहे नीतेश यादव गांधी और सादिक खान।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शाढ़ौरा में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

तहसीलदार श्रीवास्तव ने सभी स्कूल संचालकों से रंगमंचीय कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, अनुशासन एवं समन्वय जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता सीताराम काकाजी, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, सीएमओ प्रभारी अशोक बर्मा, विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी, पार्षद रेखा नामदेव, देवेंद्र रघुवंशी सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक, वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने सफल एवं भव्य गणतंत्र दिवस आयोजन हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।



### विकासखंड स्तर पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत

अशोकनगर। खेल और युवा कल्याण विभाग अशोकनगर द्वारा खिलाड़ियों को तराशने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत चयन स्पर्धाओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। इन चयन स्पर्धाओं के माध्यम से विकासखंड स्तर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को आगे पहुंचने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। तीन दिवसीय चयन ट्रायल ब्लॉक अशोकनगर में आज संपन्न हुई। इन चयन स्पर्धा में चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर खेलो एमपी यूथ गेम्स वर्ष 2025 अंतर्गत अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। अशोकनगर की चयन ट्रायल में अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी, ओपी शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी, प्रहलाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव, के.के चतुर्वेदी, आदित्य शर्मा, मनोज राठौर, दिलीप रघुवंशी, शब्बीर खान, अशोक ओझा आदि का सहयोग रहा। खिलाड़ियों को ब्लॉक स्तर पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत कर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकेंगे।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीष चन्द्र शर्मा द्वारा गुरूवार को अभिभाषक कार्यालय, अशोकनगर में आगामी नेशनल लोक अदालत 14 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, अध्यक्ष एवं सचिव अधिवक्ता संघ अशोकनगर तथा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रकरणों जैसे आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, तथा निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण आदि के अधिक से अधिक निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा उपस्थित अधिवक्तागण से अपील की गई कि वे लोक अदालत में सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निराकरण कराएं, जिससे आम जनता को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। बैठक के दौरान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की गई एवं कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से आयोजित करने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई।

## ईसागढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक हुई



अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस देकर उनकी सुनवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ईसागढ़ के मतदान केंद्रवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की मतदाताओं को नोटिस देकर उनकी सुनवाई समय पर की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता शुद्धिकरण हेतु बीएलओ अपने स्तर से लॉजिकल त्रुटि में सुधार करें। उन्होंने कहा कि जो भी लॉजिकल त्रुटि के कारण शुद्धीकरण हेतु मतदाताओं के नाम रह गए हैं उन मतदाताओं का शुद्धिकरण का कार्य समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें।

## बेलई की गोशाला में गायों को खिलाई सामग्री



**पिपरई।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने गो माता को डेढ़ कुंटल गुड़ एक कुंटल चापर पांच किलो तिली सब गेहूं के भूसे में मिला कर गो माता को खिलाया गया। यह व्यवस्था विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह धाकरे, जसमंत सिंह यादव (मन्नू नेताजी), जन्मेद सिंह धाकरे और सभी जन उपस्थित रहे। सभी जन प्रतिनिधि गोशाला की व्यवस्था देखकर खुश हुए। उन्होंने संचालक के.के. श्रीवास्तव और जो कर्मचारी कार्य कर रहे उन सभी जन की तारीफ की। गोशाला की सभी व्यवस्था बहुत अच्छी चल रही है,गौमाता की अच्छी सेवा बेलई गोशाला में की जा रही है।

### शाढ़ौरा में 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन, कलश यात्रा से होगी शुरुआत

शाढ़ौरा। स्थानीय शिवनगर स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आगामी 18 जनवरी को सकल हिन्दू समाज शाढ़ौरा के तत्वाधान में एक भव्य शिवशाल हिन्दू सम्मेलन८ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत 18 जनवरी, रविवार को सुबह 11 बजे त्र्यंबकेश्वर गढ़ी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।

## योजनाओं के आवेदन हितग्राहियों से प्राप्त करेंगे

# संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संकल्प से समाधान अभियान तथा सी.एम.हेल्पलाइन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सीईओ जिला पंचायत राजेश कुमार जैन समस्त एसडीएम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी,तहसीलदार गूगल मीट से जुडकर शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार 12 जनवरी से प्रारंभ हुए संकल्प से समाधान अभियान के तहत संबंधित विभाग डोर टू डोर जाकर विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के आवेदन हितग्राहियों से प्राप्त कर उनका निराकरण कराना सुनिश्चित करें। प्रथम फेज के तहत यह अभियान 15 फरवरी 2026 तक घर घर जाकर आवेदन प्राप्त करना है। साथ ही प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज कराए। उन्होंने कैलेंडर अनुसार कार्य किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी भ्रमण पर निकलें और आवेदनों की संख्या बढाए। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेकर कार्य करें। उन्होंने सी.एम.हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बी एवं सी रेटिंग बाले विभाग अपनी रेटिंग में सुधार कर ए रेटिंग में आना सुनिश्चित करें। समाधान ऑनलाइन से संबंधित विषयों में सौ दिवस से ऊपर वाली शिकायतों पर विशेष ध्यान देकर उनका निराकरण कराया जाए।

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्यप्रदेश शासन द्वारा सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतो के पात्र हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओ एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुना, जिला - गुना (म.प्र.)

क्रमांक/154/ई-निविदा/2025-26 गुना, दिनांक 13/01/2026

विज्ञप्ति क्रमॉक 53 / ई- निविदा / न.पा. गुना / 2025-26

निविदा विज्ञप्ति सूचना द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। अतः जो ठेकेदार इस कार्य को करने हेतु इच्छुक हों वे अपनी-अपनी ऑनलाइन निविदाएँ म.प्र.न. प्र. एवं वि.वि. एस.ओ.आर. दिनाँक 02.08 2021 एवं 08.11.2025 से प्रभावशील पर कम / अधिक / एटपार प्रतिशत दर पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख) ई.एम.डी. (रू) निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | 1. कार्य की समय अवधि 2. आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_475608_1 | नगरपालिका क्षेत्र वार्ड न 01 से 04 तक में नाली / रैम्प / सीसी / अन्य निर्माण / मरम्मत कार्य । | रू. 20.33 लाख<br>रू. 20330 / केवल<br>रू. 5000.00 | 13/02/2026 | 1. 3 माह<br>2. प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2026_UAD_475609_1 | नगरपालिका क्षेत्र वार्ड न 05 से 08 तक में नाली / रैम्प / सीसी / अन्य निर्माण / मरम्मत कार्य | रू. 20.33 लाख<br>रू. 20330 / केवल<br>रू. 5000.00 | 13/02/2026 | 1. 3 माह<br>2. प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2026_UAD_475611_1 | नगरपालिका क्षेत्र वार्ड न. 09, 35, 36 ,37 नाली / रैम्प / सीसी / अन्य निर्माण / मरम्मत कार्य । | रू. 20.33 लाख<br>रू. 20330 / केवल<br>रू. 5000.00 | 13/02/2026 | 1. 3 माह<br>2. प्रथम आमंत्रण |

मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय पत्र क्र. एफ-237/2024/18-2 दिनांक 06/09/2024 का कडाई से पालन किया जावेगा।

Note 1. टेण्डर क्रय करने एवं डालने की अंतिम तिथि : 13/02/2026 सॉय 5.30
2. टेण्डर खोलने की तिथि : 16/02/2026 प्रातः 11.30

श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

### प्राथमिक सवास्थ्य केंद्र कोलुआ रोड़ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन व माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के संयुक्त तत्वाधान में राज्य सरकार के सहयोग से एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित उपचार कर दवाई दी गई। शिविर में 72 लोगों के ब्लड सेम्पल लिये गए। गर्भवती महिलाओं का भी निःशुल्क उपचार किया गया। 12 मरीज़ों को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया जहाँ से शिवपुरी शिविर में इलाज के लिए अनुशंसा की जावेगी। उल्लेखनीय है कि आगामी 5 फरवरी को शाढ़ौरा में इसी तरह का शिविर आयोजित किया जावेगा। परीक्षण उपरांत राजमाता विजया राजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में 17 से 24 मार्च तक बिशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा आपरेशन व इलाज किया जावेगा।
15 जनवरी फोटो न.13 स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया।

### लीनेस क्लब ने संक्रांति पर लड्डू वितरित किए

**अशोकनगर।** गुरूवार को लीनेस क्लब के सदस्यों ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहर की गरीब निर्धन बस्ती एवं शनि देव मंदिर के पास फल एवं सब्जी विक्रेताओं को लड्डुओं और नमकीन का वितरण कर मकर सक्रांति का पर्व मनाया। क्लब की अध्यक्षा अलका अग्रवाल ने बताया कि संक्रांति के पावन पर्व पर दान का विशेष महत्व होता है और जब यह दान किसी जरूरतमंद को किया जाए तो उसका फल कई गुना प्राप्त होता है। इस मौके पर क्लब की डिस्टिक सेक्रेट्री पूर्व डॉ रजनी शुक्ला, सचिव रश्मि अग्रवाल जयपुरी, सह सचिव अंजना दुबे पूजा अग्रवाल, राखी तिवारी, विजया अग्रवाल, टीना गुप्ता,संध्या अग्रवाल, विनीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।
15 जनवरी फोटो न.14 लीनेश क्लब की महिलाओं ने मकर सक्रांति पर सामग्री का वितरण किया।

### तेजस्वी फाउंडेशन ने आदिवासी बस्ती में मनाई मकर संक्रांति

**अशोकनगर।** गुरूवार को मकर संक्रांति का पर्व तेजस्वी फाउंडेशन के तत्वाधान में अशोकनगर जिले से 10 किलोमीटर दूर स्थित मड़खेड़ा गांव की आदिवासी बस्ती में जाकर मनाया। जहां क्लब के सदस्यों ने गरीब वस्ती में निवासरत आदिवासी लोगों को खिचड़ी और तिल के लड्डू एवं कपड़े भी बांटे गए। इस अवसर पर मकर संक्रांति का महत्व सभी को बताया। कार्यक्रम में तेजस्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष भारती साहू, महक साहू, कमलेश दुबे, अर्चना उपाध्याय, दुर्गेश, आदि सदस्य उपस्थित रहीं।
15 जनवरी फोटो न.03 तेजस्वी फाउंडेशन ने आदिवासी वस्ती में मनाया मकर सक्रांति का पर्व।

### दिगंबर जैन महासमिति ने गायों को औषधि युक्त लड्डु खिलाए

**अशीकनगर।** दिगंबर जैन महासमिति संभाग अशोकनगर द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2026 गुरुवार को दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला ईसागढ़ रोड पर पहुंचकर सभी गायों को गुड एवं औषधि युक्त लड्डू खिलाएं इसके पश्चात गौशाला अध्यक्ष के साथ गौशाला कार्यालय स्टोर दावा केंद्र एवं बीमार गायों को जानकारी ली इस अवसर पर दिनेश महिदपुर सहित महासमिति के अध्यक्ष चंद्र कुमार जैन सोनी महामंत्री मनीष ठेकेदार अनिल मोहरी संजीव कठरया मुनेश जैन पदम चंद कचनार राजू परवाह पवन मऊ दीपक कालेबाग मनोज बंटू एवं सभी सदस्य उपस्थित रहकर पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान किया।

### भारतीय किसान संघ पिपरई ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

**पिपरई।** तहसील के तहसीलदार अनीश धाकड़ का ट्रांसफर मुंगावली तहसील कर दिया है। इस कारण से नगर के किसान संघ ने विरोध करते हुये, जिला कलेक्टर से माँग की हैं पिपरई तहसीलदार का ट्रांसफर रोका जाए, वापिस उनको पिपरई तहसील में पद स्थापना की जाए। किसान संघ ने ज्ञापन देकर माँग की है।

## दो बाईक सवार घायल, एक का गला कटा, दूसरे का गाल व गला छिला

# प्रतिबंध के बाद भी चायना डोर छीन रही जान एक की कटी श्वांस नली, दूसरे को 22 टांके




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

चाइनीज मांझे से गले कटने और घायल होने की घटनाएं महानगरों तक सीमित नही हैं अपितु अशोकनगर शहर में भी दो घटनाएं सामने आईं हैं इन दोनो घटनाओं में दो बाईक सवार चाईनीज मांझे से घायल हो गए।

एक का गला कट गया और दूसरे का गाल से लेकर गले के पिछले हिस्से तक का हिस्सा कटा है। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है। संजीव अहिरवार की श्वांस नली कट गई है उसे भोपाल रैफर किया गया है और नरेश अहिरवार को गाल से लेकर गले के पिछले हिस्से तक 22 टांके आए हैं।

यह दोनों ही घटनाएं शहर के बड़े ओवर ब्रिज पर हुई, पहली घटना उस समय हुई जब खडीचरा निवासी संजय पुत्र रूमाल अहिरवार उम्र 19 साल अपनी बाईक से पुल के ऊपर से निकल रहा था। बाईक पर उसके साथ एक अन्य युवक विटटू भी बेटा हुआ था तभी चाइनीज मांझे से संजय अहिरवार का गला कट गया। जैसे ही यह घटना हुई वैसे ही बाईक सवार संजय अहिरवार खून से लथपथ हो गया, मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और डायल 112 वाहन से युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका आधे से ज्यादा गला कट गया है।

बताया गया है कि संजय अपने साथी के साथ भौंरा ग्राम में मामा के यहां पर गए थे वहां से जब वापिस लौट रहे थे तब यह घटना पुल के ऊपर से बाईक ले जाते समय हुई।

### घायलों के गले कटने की जांच करने पुलिस के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे

दूसरी घटना अशोकनगर की शंकर कॉलोनी निवासी नरेश पुत्र जगन्नाथ अहिरवार उम्र 32 साल जब अपनी बाईक से पुल के ऊपर से गुजर रहा था उसी दौरान चाइनीज मांझे से गाल से गले के पिछले हिस्से तक का हिस्सा कट गया है। घटना के बाद बाईक चला रहा नरेश नीचे गिर गया। इस घटना में भी नरेश के पीछे एक अन्य युवक बैठा था। घायल नरेश अहिरवार को चोट लगने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान और देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा मौके पर पहुंचे और चाईनीज मांझे को जप्त किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर और एसडीओपी विवेक शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे।

### पुलिस ने पतंगों की दुकानों का निरीक्षण किया

सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान ने बताया कि शहर में इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है जब चाईनीज मांझे के कारण दो लोगों के गले कट गए हैं। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा अशोकनगर शहर में जहां जहां भी पंतग बिक रहीं हैं या फिर मांझा बिक रहा है वहां जाकर दुकानों की चैकिंग की गई। लेकिन किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिला। आखिर दुकानों पर चाइनीज मांझा नहीं है तब मांझा कहां से आया, इससे प्रशासन को लगता है कि किसी व्यक्ति के द्वारा अपने घर से ही यह चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है, कोतवाली टीआई का कहना है कि इस घटना में दोनों सवार हैं बाईक चलाते समय यह घटना हुई है। घटना के बाद दोनों खून से लथपथ हो गए जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, दोनों की हालत गंभीर है। संजय अहिरवार को भोपाल रैफर किया गया है।

### श्वांस नली कटने के बाद भोपाल भेजा,दूसरे का उपचार जारी

जिला अस्पताल के डॉक्टर गौरव बंसल ने बताया कि संजय अहिरवार के गले की श्वांस नली मांझे से कट गई है जिसके कारण उसकी हालत गंभीर है उसे भोपाल रैफर किया गया है। जबकि नरेश अहिरवार को 22 टांके आए हैं, चाइनीज मांझे के कारण गाल से लेकर गले के पिछले हिस्से तक का भाग कट गया है। नरेश अहिरवार का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### चाइनीज मांझे को लेकर प्रशासन की लापरवाही सामने आई

चाइनीज मांझे से प्रदेश भर में हो रही घटनाओं के बाद भी अशोकनगर जिला मुख्यालय पर समय से पहले प्रशासन द्वारा पंतग और मांझे विक्रेताओं के यहां चाइनीज मांझों को तलाशने के कोई प्रयास नहीं किए गए। अगर पहले इन दुकानों पर कार्यवाही की होती शायद यह घटनाएं होने से बच सकती थीं। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने कईं पंतग विक्रेताओं के यहां पहुंच कर चाइनीज मांझा तलाश किया किन्तु यह मांझा नहीं मिला। इन दोनों ही घटनाओं में चाइनीज मांझे ने उनके गले में फंदा लगा दिया। वैसे अशोकनगर जिले में पंतगवाजी न के बराबर ही होती है लेकिन पहली बार इस पंतगवाजी के दौरान इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं।

# एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ को अटैक आया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

मप्र में जारी एसआईआर सर्वे मैं लगे बूथ लेबिल अधिकारी मनोज सेन मतदान केंद्र क्रमांक 142 को मल्हारगढ़ रोड पर निर्वाचन कार्य करते समय हार्ट अटेक आ गया, समय रहते उन्हें सिविल अस्पताल मुंगावली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया।

ज्ञात हो कि मनोज सेन मतदान केंद्र क्रमांक 142 पर बी एल ओ है यह मतदान केंद्र मुंगावली नगर के बाह्य वृद्धि क्षेत्र को मिलाकर बनाया गया था जिसमे बहादुर पर रोड, डिपो, पिपरई रोड ओर मल्हारगढ़ रोड का क्षेत्र शामिल है यह ऐसा मतदान केंद्र है जो लगभग 7 किमी के क्षेत्र मे फैला हुआ है और लगभग 1325 मतदाता है। मनोज सेन पूर्व में अपने पदांकन वाले गांव मे बी एल ओ थे किंतु नए नियमो का हवाला देकर एसआईआर से पूर्व मुंगावली के नगरीय क्षेत्र के बूथ क्रमांक 142 पर नियुक्त किया गया था जिससे उन्हें यह क्षेत्र नया ओर अपरिचित था जिससे वह पूर्व से ही बहुत मानसिक पीड़ा से गुजर रहे थे। पूर्व के निर्देशानुसार सभी काम पूर्ण कर लिया था किंतु आये दिन नए दिशा निर्देशों ओर रोज नए नए नामो वापिस आने उन्हें संसोधित करवाने से बहुत मानसिक तनाव मैं थे ,गुरुवार दोपहर 12.30 बजे मल्हारगढ़ रोड पर फार्म मैं संसोधन हेतु कागज ले रहे थे तभी अटेक आया। संतोष शर्मा जिलाध्यक्ष मप्र राज्य कर्मचारी संघ अशोकनगर ने मांग की है कि बीएलओ पर जो दबाव बनाकर कार्यवाही की जा रही है वह न की जाए।

### कार पुलिया से टकराई, 25 वर्षीय युवक की सिर फटने से मौत, केस दर्ज कर जांच शुरू

**शाढ़ौरा।** शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में नईसराय रोड पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय विष्णु रघुवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार पुलिया से टकराकर लगभग 60-70 फीट दूर जाकर पलट गई। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कार के पहिए का कवर निकलकर पास के एक पेड़ पर लटक गया। मृतक विष्णु रघुवंशी का सिर फट गया और दिमाग निकलकर दूर जा गिरा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य दो युवक मदन प्रजापति और प्रवेंद्र रघुवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवक मक्का की ट्राली मंडी में लगाने के बाद खाना खाकर अपने गांव बरखेड़ा लौट रहे थे। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है,लेकिन प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और पुलिया पर नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। शाढ़ौरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।



आधा सैकड़ा घरों पर मंडरा रहा हाईटेंशन खतरा!

# बस्ती में से निकली है हाईटेंशन लाइन, जद में आ रहे कई मकान, हटाने पर विचार करे कंपनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

बहादुरपुर कस्बे की बस्ती के एक बड़े हिस्से में से करीब चालीस वर्ष पुरानी ग्यारह केवी की हाई टेंशन लाइन निकली है। इस लाइन की जद में आधा सैकड़ा से ज्यादा घर हैं, इन घरों में रहने वाले लोगों को हादसे का भय सताता है। इनका कहना है कि उन्होंने कई बार इसे हटवाने के लिए आवेदन दिए हैं लेकिन स्थानीय कार्यालय में उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

बताया गया है कि स्थानीय सब स्टेशन से ग्यारह केवी की एक हाई टेंशन लाइन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास से होती हुई बस्ती में से निकलकर ग्रामीण फीडर के गांवों में गई है। इस लाइन के नीचे बबलू प्रजापति, शिवचरण वाल्मीकि, कंछेदी पाल, देवेंद्र पाल, शांति बाई वशिष्ठ, अंसार खान, दिमान सिंह गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश नारायण पाठक, कृष्ण मुरारी शर्मा और चंदू पंथी के मकान बने हुए हैं। आसपास घनी बस्ती है, जिन लोगों के मकान लाइन के नीचे बने हैं, उन्हें सबसे ज्यादा खतरा है। कृष्ण मुरारी शर्मा एक बार इस लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुके हैं। इस घटना के बाद भी कंपनी इस लाइन को हटाने के लिए गंभीर नहीं हुई।



लाइन के नीचे बने कई घरों में जगह की कमी है, इनके मालिकों को दो मंजिल मकान बनाने की जरूरत महसूस होती है लेकिन लाइन छत से कुछ ऊंचाई पर है, इस कारण दूसरी मंजिल बनाने की सोच भी नहीं पाते। शांति बाई बताती हैं कि कुछ दिनों पहले उन्होंने दो पक्के कमरे बनवाए हैं। इन कमरों की तलाई करते वक्त हमेशा करंट लगने का भय सताता रहा। छत का ज्यादा उपयोग भी नहीं हो पाता। इसी तरह बबलू प्रजापति ने बताया कि पहले लाइन उनके घर से नहीं थी, करीब पन्द्रह वर्ष पहले तात्कालीन कंपनी अधिकारी ने कुछ महीनों के लिए खंभा लगाने की बोलकर लाइन खड़ी कर दी। अब कोई सुनने तैयार नहीं है।

### छज्जे निकाल कर सर्विस लाइन बन गई खतरनाक

कस्बे की अंदरूनी गलियों में लोगों ने अपने मकानों के छज्जे बाहर की ओर कहीं कहीं तीन फिट तक निकाल लिए हैं। कुछ जगह खंभे भी छज्जों के अंदर कर लिए। अब यह सर्विस लाइन भी खतरे का सबब बन गई है। कायदे से कंपनी को इन छज्जों को अवैध बताते हुए कार्रवाई करना चाहिए ।

**इनका कहना है**

हम अपनी तकनीकी टीम से हाई टेंशन लाइन का सर्वेक्षण करा लेते हैं, फिर योजना बनाएंगे कि इसे किस तरह से हटाया जाए। **विपिन श्रीवास्तव,** उप महा प्रबंधक, बिजली कंपनी मुंगावली

### चीता पुलिस की त्वरित कार्यवाही से 04 वर्षीय बालिका को सकुशल परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 04 वर्षीय बालिका को सकुशल दस्तयाव कर परिजनों से मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को थाना कोतवाली अशोकनगर अंतर्गत जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार हेतु आई एक महिला की 04 वर्षीया बालिका अचानक उससे बिछड़ गई। बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए चीता मोबाइल-02 को सक्रिय कर जिला अस्पताल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश की गई। पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कुशल कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप अल्प समय में बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। तत्पश्चात आवश्यक पूछताछ एवं पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया।
15 जनवरी फोटो न.04 पुलिस ने 4 वर्षीय बालिका को दस्तयाब कर परिवारजनों को सौंपा।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कईं

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी आकाश राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम,सचिन और रविन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी रोड़ अशोकनगर निवासी बृजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल लोधी और हल्के साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत इन्द्रा पार्क निवासी कृष्णा केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू सिलावट, छोटू, देवेन्द्र और प्रमोद प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी मनोज विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमलेश कुशवाह की मां और कमलेश के साले ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी कल्लू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन,सत्यभान,संजू और शनि आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अभिषेक सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नफीस खान और बसीम खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुअन निवासी दिलीप जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलवीर जाटव और वीरसिंह जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र में पिपरई निवासी रूकसार खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सड़क दुर्घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले के नईसरायं थाने के अतंर्गत कलारीपुरा निवासी पप्पू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रमेश साहू ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।जिले के ईसागढ थाने के अतंर्गत कदवाया निवासी गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 08 एमजे 9581 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी कल्ला प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक एमपी 30 एचओ 514 के चालक ने अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

## कलेक्टर ने ग्राम भैलवासा में किया आकस्मिक दौरा, लापरवाहों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत भवन निरीक्षण में कईं कर्मी नदारद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को भ्रमण के दौरान तहसील ईसागढ़ क्षेत्र के ग्राम भैलवासा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया कि शाला में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति हो यह सुनिश्चित किया जाए।




उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को मिलने वाला मध्यान्ह भोजन बच्चों को समय पर वितरण हो इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक चन्द्रपाल सिंह यादव एवं चन्द्रशेखर दिवाकर को कारण बताओं नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र भैलवासा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई बच्चा उपस्थित नहीं मिला। आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की अनुपस्थित मिलने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी शर्मा एवं सहायिका कलिया नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भैलवासा के पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव कमल सिंह लोधी मौके पर अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को भ्रमण के दौरान ग्राम पारसौल में शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल में 9वीं एवं 10वीं की कक्षा में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने सामाजिक विज्ञान,अंग्रेजी एवं गणित विषय के बारे जानकारी ली।

उन्होंने प्री-बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बच्चों से पूछा। कम प्रतिशत वालो बच्चों परीक्षा तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय के किचिन शेड का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोईयों से समय पर मानदेय मिलने के बारे में जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि दुर्गेश स्व सहायता समूह द्वारा मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन नही दिये जाने की शिकायत पर समूह को हटाये जाने के निर्देश दिए। आंगनवाडी केन्द्र द्वितीय का निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति,वजन पंजी,हाईट,कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर,खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों को समय पर राशन नही देने पर एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर सेल्समेन के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने ग्राम पारसौल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों की रिकॉर्ड की जानकारी ली। स्टॉफ द्वारा डॉक्टर की मांग की। साथ ही स्टॉफ द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी एवं हाईरिस्क महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईसागढ़ एवं जिला चिकित्सालय में भेजा जाता है।

ग्राम पारसौल के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री आदित्य सिंह द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं निराकरण के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पंचायत भवन पारसौल के निर्माण पर रोक लगी है,उसे हटाया जाए। ग्राम में मांगलिक भवन के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान कराई जाए। अनुसूचित जाति बस्ती में लाईट की व्यवस्था की जाए। बुढेरा मार्ग पर पुलिया का निर्माण कराया जाए।

### कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद छात्रावास अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने ईसागढ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में अनियमितता मिलने पर शासकीय आदिवासी जनजाति बालक सीनियर छात्रावास के अधीक्षक बालकृष्ण खण्डेले, शासकीय बालक उत्कृष्ट सीरियर अनुसूचित जाति छात्रावास के अधीक्षक आत्माराम दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए छात्रावासों में निवासरत छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए खिड़की दरवाजे दुरुस्त रखें जाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में पर्याप्त साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, बिजली, मीनू अनुसार खाना, नाश्ता, लाइब्रेरी की सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधा के संबंध में जानकारी ली।उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत छात्रावासों के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति का लाभ शत प्रतिशत मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने छात्रावासों के स्टॉक पंजी, भंडारण पंजी को देखा तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधीक्षकों को दिए।




### वृद्धाश्रम के संचालन में लापरवाही, संचालक को कारण बताओ नोटिस, रसोईया को हटाने के निर्देश जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को तहसील ईसागढ़ मुख्यालय पर संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से मिलकर हालचाल जाना एवं वृद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने वृद्धजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही वृद्धजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं निराकरण के निर्देश अधिकारियों मौके पर ही दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-समय पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को जारी किया पत्र

# जिन किसानों पर जलकर बकाया उन्हें नहीं मिलेगा केसीसी लोन

## नए बिजली कनेक्शन, रजिस्ट्री आदि के लिए जरूरी होगी बांध प्रबंधन की एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं से जिले के लगभग सवा 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई शुरू हो चुकी है। किसानों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाने वाली इन सिंचाई परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

उक्त दोनों सिंचाई परियोजना से खेती के लिए पानी लेने वाले किसानों को विभाग द्वारा निर्धारित जलकर (टैक्स) भरना भी अनिवार्य होगा। अगर सिंचाई परियोजना का लाभ ले रहे किसानों ने जलकर की राशि जमा नहीं की तो संबंधित किसान को केसीसी लोन, नया बिजली कनेक्शन, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री, शस्त्र लायसेंस जारी नहीं होगा। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने इस बारे में सभी जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम, उप-पंजीयक कार्यालयों, सभी बैंकों सहित विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को पत्र भी जारी किया है।

### बांध प्रबंधन ईकाई से लेनी होगी एनओसी

जारी पत्र के अनुसार विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से लोन लेने, संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने, शस्त्रों को खरीदने हेतु लायसेंस जारी करने, बिजली विभाग से विद्युत कनेक्शन लेने के लिए संबंधित किसान को पहले मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना प्रबंधन ईकाई राजगढ़ से एनओसी(अनापत्ति प्रमाण-पत्र) लेना आवश्यक होगा।

उक्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के उपरान्त ही संबंधित बैंक, विद्युत विभाग, रजिस्टार दफ्तर से संबंधित सुविधा का लाभ किसानों को मिल पाएगा। हालांकि, यह एनओसी जिले के केवल उन किसानों के लिए आवश्यक होगी जो मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के पानी से अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
E-Mail ID :- dmrajgarh@nic.in

पत्र क्रमांक 62 /2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रति,
01. पुलिस अधीक्षक, जिला राजगढ़
02. अधीक्षण यंत्री, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., राजगढ़
03. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़/खिलचीपुर/ब्यावरा/नरसिंहगढ़
04. उप पंजीयक, पंजीयन कार्यालय, राजगढ़
05. प्रबंधक लीड बैंक/एस.बी.आई/पी.एन.बी./समस्त शाखा जिला-राजगढ़
06. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. मध्य क्षेत्र वि.वि.कंपनी लिमिटेड, राजगढ़

विषय :- मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़ के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामो के कृषको से जल संसाधन विभाग (मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करवाने बाबत्।

—000—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजनाओं से राजगढ़ जिले की 224247 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जा रहा है परंतु परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामो के कृषकगणों द्वारा जलकर की राशि का भुगतान नही किया जा रहा है, जिससे राजस्व वसूली अत्यंत कम हो पाती है एवं शासन को वित्तीय हानि हो रही है। अतः यह आवश्यक प्रतीत होता है कि विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन लेने, विभिन्न बैंकों से केडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से लोन लेने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने या शस्त्रों को खरिदने के लिए लायसेंस जारी करने हेतु जल संसाधन विभाग से कृषकों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाए। विभाग द्वारा ग्रामो की सूची पृथक से प्रदान की जावेगी।

अतः कृपया कृषकों को विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन देने, विभिन्न बैंकों से केडिट कार्ड के माध्यम से लोन स्वीकृत करने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करने या शस्त्रों को खरिदने के लिए लायसेंस जारी करने से पूर्व कृषकों से जल संसाधन विभाग (परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री) मोहनपुरा-कुण्डालिया परियोजना प्रबंधक इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना सुनिश्चित किया जावे।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

पृ. क्रमांक 63 /2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रतिलिपि-
परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री), एम.के.पी.एम.यू, राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

### 316 रुपए प्रति बीघा के मान से जमा होती है राशि

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजनाओं से सिंचाई हेतु पानी लेने वाले किसानों को 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के मान से जलकर की राशि जमा करवानी होती है। यह राशि रबी सीजन में दिए जा रहे पानी के मान से है। फिलहाल मोहनपुरा परियोजना से खरीफ सीजन के लिए सिंचाई के लिए जल प्रदाय नहीं किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक साल के लिए 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के हिसाब से जलकर निर्धारित है।


### कहां जमा करवानी है यह राशि

संबंधित किसान को जलकर की राशि मोहनपुरा, कुंडालिया राजगढ़ के दफ्तर आकर जमा करवानी है। आपको यह भी बताते चलें उक्त जलकर सिर्फ खेतों की सिंचाई के लिए पानी लेने वाले किसानों के लिए है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के माध्यम से 'हर घर नल से जल' योजना के तहत पेयजल के बिल की राशि अलग है जो संबंधित उपभोक्ता को पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होती है।

पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

# किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



जनपद खिलचीपुर के ग्राम तलावड़ा निवासी किसान मोहनलाल तंवर उम्र 60 वर्ष ने हल्का नंबर 33 के पटवारी देवेंद्र मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

किसान का कहना है कि पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के लिए आवेदन देने के बाद पटवारी ने करीब एक महीने तक उन्हें चक्कर लगवाए। किसान के अनुसार, तलावड़ा गांव में उनकी 35 बीघा जमीन है, जो पांच भाइयों की पुश्तैनी संपत्ति है। जमीन के आपसी सहमति से बंटवारे के लिए उन्होंने लोक सेवा केंद्र के माध्यम से 16 दिसंबर 2025 को आवेदन किया था। आरोप है कि पटवारी ने बंटवारे के बदले 70 हजार रुपए की मांग की और कहा कि पैसे नहीं दिए तो काम नहीं होगा, जहां शिकायत करनी हो कर सकते हो। किसान मोहनलाल तंवर ने एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनीत गोयल और क्षेत्र के भाजपा विधायक अमर सिंह यादव को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है...**

पटवारी देवेंद्र मीणा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि बंटवारे के लिए कौन व्यक्ति आया था। तहसीलदार कार्यालय में एक मामला जरूर लंबित है, जिसमें रिपोर्ट मांगे जाने पर वे नियमानुसार जवाब देंगे। रिश्वत मांगने का आरोप झूठा है।

**जांच कराएंगे...**

जांच करवाती हूं। आवेदन अगर मेरे कार्यालय में आया होगा तो मैंने तहसीलदार को भेज दिया होगा।

**अंकिता जैन**
एसडीएम खिलचीपुर

## सेवा बस्ती में संघ ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**सारंगपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर की सेवा बस्ती वार्ड क्रमांक 5 भारगुंडावाडी में सामाजिक समरसता एवं सेवा भाव के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों एवं बच्चों को गुड़-तिल्ली का वितरण कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पर्व की खुशियां पहुंचाना रहा। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से आत्मीय संवाद किया तथा मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तिल-गुड़ आपसी मधुरता, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।

# किसी अधिकारी की सेवा समाप्त तो किसी को किया सस्पेंड, वेतन भी काटा

## समीक्षा बैठक में लापरवाहों पर जिपं सीईओ की कार्रवाई



**राजगढ़।** ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर अब सख्ती की जाने लगी है। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने गत दिवस शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान एक बगिया मां के नाम योजना के तहत ब्यावरा जनपद के सहायक लेखाधिकारी भानू प्रताप खिंची के विरुद्ध पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर सेवा समाप्ति के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही उपयंत्री राहुल मेश्राम, अरुण गाठे एवं अजय परमार का 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ ने प्रदान किए। खिलचीपुर जपं की समीक्षा में उपयंत्री संदीप पाटिल एवं जीतेंद्र उमठ द्वारा बिल प्रस्तुत न किए जाने पर उनका 7 दिवस का वेतन काटते हुए संविदा सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। उपयंत्री पंकज सिंह पर भी वेतन काटने के कार्यवाही की गई। इसी तरह नरसिंहगढ़ जपं की उपयंत्री बबीता राज का कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर सेवा समाप्ति एवं भुगतान अंतर्गत कम प्रगति पाए जाने पर सहा. लेखाधिकारी अरुण शर्मा का 3 दिवस का वेतन काटने एवं सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अनुपस्थित सब-इंजीनियर अनिल नामदेव को शोकाज नोटिस जारी किया गया।

### पंचायत समन्वयक अधिकारी राजगढ़ सस्पेंड

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जपं राजगढ़ के पंचायत समन्वयक अधिकारी जगदीश सक्सेना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने एवं उनके सेक्टर में अपूर्ण आवासों की अधिकता पर सक्सेना को सस्पेंड करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने प्रदान किए।

# शर्मा को फिर मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



### जिला इकाई का विस्तार करते हुए कीं नई नियुक्तियां

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की राजगढ़ जिला इकाई का विस्तार करते हुए संगठन द्वारा नई नियुक्तियों की घोषणा की। संगठन के प्रान्त अध्यक्ष शलभ भदौरिया सहित प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सुरेश शर्मा ब्यावरा को पुनः राजगढ़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गईं। जिसके माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने की अपेक्षा करते हुए पुनः सुरेश शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। जिला महासचिव विजयपाल परमार नर्सिंहगढ़ को नियुक्त किया है। संगठन ने शर्मा, परमार से आशा जताई है कि वे जिले के पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। शर्मा के पुनः जिलाध्यक्ष व विजय पाल को जिला महासचिव बनने की जानकारी मिलते ही जिले के पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई और सभी ने सुरेश शर्मा, और विजय पाल परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई

## गंदे पानी की शिकायत पर सप्लाई, लीकेज की मरम्मत कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



बुधवार को वार्ड 4 में नलों से मटमैला पानी आने की शिकायत सामने आते ही नगर पालिका ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। गंदे पानी की जानकारी मिलते ही नपा सीएमओ इकरार इंजीनियर राहुल गुप्ता और जल प्रदाय अमले ने मौके पर पहुंचकर जल सप्लाई व्यवस्था की जांच की और संभावित लीकेज की पहचान की गई। एहतियातन प्रभावित क्षेत्र की पानी की सप्लाई तुरंत बंद कर दी गई, ताकि नागरिकों की सेहत पर कोई विपरीत असर न पड़े। नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत और सफाई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। साथ ही, जब तक व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस त्वरित कदम से रहवासियों ने राहत की सांस ली है। नपा सीएमओ इकरार अहमद का कहना है कि शहर में जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। वार्ड 4 में नालों में गंदा पानी आने की शिकायत मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सप्लाई रोकी गई है। समस्या के पूरी तरह समाधान के बाद ही सप्लाई बहाल की जाएगी। नगर पालिका की इस त्वरित और जिम्मेदार पहल से यह साफ है कि नागरिकों की सेहत सर्वोपरि है। समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी संभावित बीमारी या बड़ी घटना को टाल दिया गया, जो प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**इनका कहना है...**

नल से गंदा पानी आने की सूचना मिलने के तुरंत बाद ही हम मौके पर पहुंचे और जल सप्लाई लाइन चेक किया गया और लीकेज ढूंढकर मरम्मत करवाई गई। जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है।

**इकरार अहमद**
नपा सीएमओ ब्यावरा

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर मंत्री ने उड़ाई पतंग




**सारंगपुर।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मकर संक्रांति का पर्व उमंग-उल्लास के साथ सामुहिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ गौतम टेटवाल भी सेवाकेंद्र पर त्याग-तपस्यामयी ब्रह्माकुमारी बहनों का आशीर्वाद लेने सेवाकेंद्र पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री टेटवाल ने सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी के सानिध्य में शांति और सद्भावना की पतंग उड़ाई। मंत्री टेटवाल ने अपने उद्बोधन में ब्रह्माकुमारीज द्वारा नगर में किए जा रहे सेवाकार्यों की खुले हृदय से प्रशंसा की और बड़े ही भावुकता से सदैव सेवाकार्यो को आगे बढ़ाने की बात कही। मंत्री टेटवाल का ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से विगत कई वर्षों से गहरा नाता रहा है,वे सेवाकेंद्र की सेवाओं को आगे बढ़ाने में सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं। वे अपने उज्वल भविष्य का श्रेय भी ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग-तपस्या और शिव बाबा पर अर्पित करते रहे हैं।

जन्म के समय बेहद नाजुक थी बच्चों की हालत

# जन्म के 36 दिन बाद स्वस्थ होकर घर लौटे जुड़वा बच्चे



**राजगढ़।** जिला अस्पताल राजगढ़ के विभिन्न वार्डों, यूनिटों से जहां अक्सर कई तरह की लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं। वहीं इसी अस्पताल की कुछ विंगों में बेहतर काम भी किया जा रहा है। इसी तरह के बेहतर काम की बानगी एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई) से सामने आई है। गत 10 दिसंबर 2025 को ब्यावरा सिविल अस्पताल से दो जुड़वा नवजात बच्चों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया था। जन्म के समय इन जुड़वां भाई-बहन की स्थिति बेहद नाजुक थी। दोनों बच्चों का वजन जहां बेहद कम था वहीं उन्हें श्वांस संबंधी बीमारी भी थी। इसके साथ ही बच्चे मां का दूध भी नहीं पी पा रहे थे। एनएनसीयू विंग प्रभारी डॉ. आरएस माथुर सहित स्टाफ सदस्यों द्वारा बच्चों की क्रिटिकल स्थिति देख उनका विशेष ध्यान रखते हुए उपचार आरंभ किया गया। करीब 36 दिनों तक चले उपचार उपरान्त पूरी तरह स्वस्थ होने पर बुधवार शाम दोनों बच्चों को माता-पिता के सुपुर्द कर घर के लिए रवाना कर दिया गया।

### 30 वर्षीय संजय कुमार गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** नगर के मेडतवाल समाज के युवा सदस्य संजय कुमार गुप्ता का असामयिक निधन हो गया, वह 30 वर्ष के थे। गौरतलब है कि विगत 18 जुलाई 2025 को खिलचीपुर में विद्युत टांसफार्मर फटने का जो हादसा हुआ था उसमें ड्युटी के दौरान संजय कुमार टांसफार्मर फटने से उसके तेल की चपेट में आ गए थे जो बुरी तरह जल गये थे। जिन्हें तत्काल बाहर रेफर किया था तब 18जुलाई से लगातार संजय का इलाज भोपाल बंसल हास्पिटल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार भोपाल स्थित बंसल हांस्पिटल में पोस्ट मार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया। जिनका अन्तिम संस्कार जीरापुर मुक्ति धाम पर किया गया। दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए समाजसेवी दिनेश जमींदार एवं गिरीराज जुलानिया ने कहा कि संजय परिवार में दिनेश गुप्ता का इकलौता पुत्र था।

# मंत्री पंवार का क्षेत्रीय दौरा, विकास कार्यों का दिया सशक्त संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जनसंवाद, धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का संदेश दिया। उनके इस दौरे में कार्यकर्ताओं से संवाद, विकास कार्यों की स्वीकृति तथा धार्मिक आयोजनों में सहभागिता प्रमुख रही।

गुरुवार सुबह मंत्री पंवार ने सुठालिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पर्व और परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं तथा सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करती हैं। जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है। इस दौरान मंत्री द्वारा विधायक निधि से कुल 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे बूढ़ा महादेव मंदिर एवं सरस्वती स्कूल में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और शिक्षण संस्थानों का विकास समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंत्री पंवार का यह दौरा जनसंवाद, विकास और आध्यात्मिक चेतना का समन्वित स्वरूप रहा, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया और जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

### महादेव मंदिर पर मकर संक्रांति पर अनुष्ठान संपन्न

**लखनवास।** सुंदरपुरा गांव में गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर शिवालय महादेव मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर साल की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ का विधि-विधान के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा मकर संक्रांति के अवसर पर। आज सुबह से ही महादेव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। दोपहर में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति डाली गई। समापन के अवसर पर हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

### पुलिस ने महिला को दिलाया उपचार

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित एक असहाय महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया।

असाध्य रोगों के स्थाई इलाज की जागी नई उम्मीद


# ब्यावरा में होम्योपैथी क्लीनिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बिजनेस न्यूज

नगर में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का पहला क्लीनिक शुरू होने से क्षेत्रवासियों को एक नई और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिली है। वर्षों से एलोपैथिक उपचार पर निर्भर लोगों के लिए यह क्लीनिक अब एक वैकल्पिक और सुरक्षित इलाज का विकल्प लेकर आया है।

खास बात यह है कि इस क्लीनिक में कई ऐसे असाध्य और जटिल रोगों के इलाज का दावा किया जा रहा है, जिनसे पीड़ित मरीज लंबे समय से परेशान हैं। सुठालिया बायपास पर सरदार पटेल स्कूल केंपस में क्लीनिक के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं होम्योपैथी डॉ धुरव कमल आलोक प्रसाद बताते हैं कि होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर जड़ से रोग को ठीक करती है। इसके उपचार में दवाइयों के साइड इफेक्ट न के बराबर होते हैं, जिससे यह बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी मानी जाती है।



### कई असाध्य रोग के मरीजों का भी हो सकेगा स्थाई उपचार

क्लीनिक संचालक होम्योपैथी चिकित्सक डॉ धुरव ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां त्वचा रोग, दमा, एलर्जी, माइग्रेन, गठिया, थायरॉइड, मधुमेह, पेट संबंधी रोग, मानसिक तनाव, अनिद्रा, स्त्री एवं बाल रोग, साथ ही लंबे समय से चले आ रहे असाध्य रोगों का भी उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी इलाज मरीज की पूरी शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझकर किया जाता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि अब तक होम्योपैथी उपचार के लिए उन्हें इंदौर, भोपाल या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी होती थी। ब्यावरा में क्लीनिक खुलने से अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। खासकर मध्यम और गरीब वर्ग के लिए यह सुविधा राहत भरी साबित होगी। क्लीनिक में आधुनिक परामर्श व्यवस्था, मरीजों की विस्तृत जांच और व्यक्तिगत उपचार पद्धति अपनाई जाएगी। चिकित्सक ने यह भी बताया कि जरूरतमंद मरीजों के लिए भविष्य में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग होम्योपैथी के लाभों से परिचित हो सकें।